कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/मा–स/22418/शिविरा पंचाग/2018–19/209 दिनांक : 29.03.2019

–:: आदेश ::–

17वीं लोक सभा हेतु घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार राज्य में दो चरणों में 29 अप्रेल एवं 06 मई, 2019 को मतदान होगा । शिविरा पंचांग : 2018–19 में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा हेतु 30 अप्रेल, 2019 की तिथि निर्धारित है । राज्य में प्रथम चरण में 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक : 29 अप्रेल, 2019 को मतदान दिवस के क्रम में राजकीय अवकाश के कारण वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में उक्त 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले विद्यालयों के लिए एतद् द्वारा संशोधित तिथि 03 मई, 2019 निर्धारित की जाती है। उक्तानुरूप इन विद्यालयों में पूर्व में दिनांक : 30 अप्रेल, 2019 को वार्षिक परीक्षा परिणााम घोषणा के साथ ही सम्पादित किए जाने वाले अन्य कार्यक्रमों का आयोजन यथा : अभिभावक–अध्यापक बैठक (PTM) एवं SDMC की साधारण सभा का संयुक्त रूप से आयोजन इत्यादि भी संशोधित तिथि 03 मई, 2019 को ही किया जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त राज्य में द्वितीय चरण में 12 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं अन्य सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 30 अप्रेल, 2019 को ही किया जाएगा।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्तानुरूप क्रियान्विति/पालना सुनिश्चित की जाए।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव,प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
5. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं अतिरिक्त आयुक्त, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान, जयपुर।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
7. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी–टोंक,सवाई माधोपुर,अजमेर,पाली,जोधपुर,बाड़मेर,जालौर,उदयपुर,बांसवाड़ा, चितौड़गढ़,राजसमन्द,भीलवाड़ा,कोटा,झालावाड़,बांरा ।
9. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
10. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर/अजमेर
11. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
12. निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग (ई.टी.सैल.), राजस्थान, अजमेर।
13. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
14. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
15. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
16. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
17. प्रधानाचार्य,सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
18. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर ।
19. वरिष्ठ संपादक "शिविरा",प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
20. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
21. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
22. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर